# राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्

शिक्षा संकुल, ब्लॉक–5, जवाहर लाल नेहरू मार्ग,जयपुर–302017

दूरभाषः 0141–2700872, E-mail: shaladarpanjpr@gmail.com


क्रमांक : RCSCE/SD/Examination/2024-03729/ Examination दिनांक :–यथा हस्ताक्षर

मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं
पदेन जिला परियोजना समन्वयक,
समसा, समस्त जिले

**विषय – शाला दर्पण पोर्टल पर स्थानीय परीक्षा परिणामों की प्रविष्टि बाबत।**

उपर्युक्त विषयान्तर्गत जैसा कि आपको विदित है कि शैक्षिक सत्र 2025–26 के वार्षिक परीक्षा परिणाम की घोषणा दिनांक 25.03.2026 को किया जायेगा। गत वर्षों की भांति सभी राजकीय विद्यालयों में पूर्व प्राथमिक कक्षा (Pre-Primary) एवं कक्षा 1 व 2 के लिये समग्र प्रगति प्रतिवेदन (Holistic Report Card) तथा 3, 4, 6, 7 का MSRA के अन्तर्गत दक्षता आधारित आकलन (Competency Based Assessment) एवं 9 व 11 के लिए स्थानीय परीक्षा पर आधारित परिणाम शाला दर्पण पोर्टल के माध्यम से तैयार कर जारी किया जायेगा। इस हेतु मॉड्यूल सत्रारंभ से ही चल रहा है जिसमें समय–समय पर हुये दक्षता आधारित आंकलन, परख एवं परीक्षाओं के प्राप्तांक दर्ज कर परीक्षा परिणाम तैयार किया जाना है।

पूर्व वर्षों में यह देखा गया है कि विद्यालयों द्वारा सभी मूल्यांकन एवं परीक्षाओं के अंक अंतिम परिणाम जारी करने के समय एक साथ ही दर्ज किये जाते है जो गलत है इससे पोर्टल पर अनावश्यक यूजर भार बढता है एवं अनावश्यक देरी के साथ ही परिणाम में भी त्रुटि की संभावना रहती है। सुलभ संदर्भ हेतु परीक्षा परिणाम से सम्बन्धित नियम एवं निर्देश पोर्टल पर अलपोड कर दिये गये है एवं यूजर मैनुअल संलग्न किया जा रहा हैं।

अतः निर्देशित किया जाता है कि विद्यालय स्तर से शाला दर्पण पोर्टल पर परिणाम घोषणा की निर्धारित तिथि से पूर्व प्राप्ताकों की प्रविष्टीयां की जावें एवं निर्धारित दिनांक को परिणाम घोषणा सुनिश्चित किया जायें।

संलग्न – परीक्षा परिणाम प्रविष्टी हेतु यूजर मैनुअल

**(सीमा शर्मा)**
**अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक**

क्रमांक : RCSCE/SD/Examination/2024-03729/ Examination दिनांक :–यथा हस्ताक्षर

**प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है –**

1. निजी सचिव, शासन सचिव, स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग, जयपुर।
2. निजी सहायक, राज्य परियोजना निदेशक, रा.स्कूल शि.प. जयपुर।
3. निजी सचिव, निदेशक माध्यमिक / प्रारंभिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर।
4. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी(मुख्यालय) माध्यमिक / प्रारम्भिक को प्रभावी मॉनिटरिंग हेतु।
5. सहायक निदेशक, शाला दर्पण प्रकोष्ठ–निदेशालय मा.शि. राजस्थान बीकानेर।
6. रक्षित प्रति।


RajKaj Ref No.: 20973703
eSign 1.0

Signature Not Verified
Digitally signed by Seema Sharma
Designation : Additional State Project Director
Date: 2026.03.12 13:01:00 IST
Reason: Approved

# सामान्य निर्देश (2025-26)

1. इस वर्ष बाल वाटिका / Pre-Primary कक्षाओं का Holistic Progress Report Card का निर्माण ऑनलाइन शाला दर्पण के माध्यम से होगा |
2. कक्षा 1 व 2 का Holistic Progress Report Card, SA3 की सम्पूर्ण पूर्ति करने पर ही प्रदर्शित होगा |
3. कक्षा Pre-Primary / 1 व 2 में छात्र उपस्थिति गणना मासिक कार्य दिवस के आधार पर स्वत ही प्रदर्शित होगी |
4. कक्षा 9 व 11 हेतु विद्यार्थी यदि अनुपस्थित है तो -1, चिकित्सा अवकाश पर है तो -2 तथा कक्षा 11 में प्रथम परख व द्वितीय परख होने के पश्चात विद्यार्थी ने प्रवेश लिया है तथा प्रथम अथवा द्वितीय परख या दोनों ही परीक्षाएं नहीं दी है तो ऐसे में विद्यार्थियों के अंकों के कॉलम खाली रखने है |
5. कक्षा 11 में प्रपत्र 7 में जिन विषयों की मैपिंग की गई है तथा अंक भी भर दिए गए है तो पुनः उन विषयों का क्रम न बदलें | उदाहरनार्थ आप द्वारा प्रायोगिक परीक्षा वाले विषय भूगोल को वैकल्पिक विषय 3 के रूप में प्रपत्र 7 में मैपिंग किया हुआ है तथा आप द्वारा अर्धवार्षिक व वार्षिक के अंक भर दिए है किन्तु अब वैकल्पिक विषय 3 पर बिना अंकों को हटाये आपने इतिहास विषय को मैप कर दिया है तो अंकतालिका में भूगोल के प्रायोगिक परीक्षा के अंक जुड़कर प्रदर्शित होंगे |
6. कक्षा 1 व 2 की अंक तालिका SA3 की प्रविष्टी के साथ Lock के साथ ही जारी की जा सकेगी |
7. कक्षा 3 व 4 की अंक तालिका शाला दर्पण विद्यालय लॉगइन के बाद "SHIKSHAK APP" के माध्यम से जारी की जा सकेगी|
8. कक्षा 6 व 7 की अंक तालिका भी "SHIKSHAK APP" के माध्यम से जारी की जा सकेगी किन्तु इसके लिए परिणाम टैब में "VERIFY RESULT" से पहले सत्यापित करना अनिवार्य होगा |
9. यदि किसी विद्यार्थी के अंक /अंकों में बदलाव किया गया है तो अद्यतन हेतु "Generate Result" टैब से अपडेट करें अन्यथा पहले के भरे हुए अंकों के साथ ही अंक तालिका बनेगी |
10. कक्षा 9 में यदि किसी विद्यार्थी ने व्यावसायिक विषय का विकल्प लिया है तो अंक गणना में सामाजिक अध्ययन व व्यावसायिक शिक्षा में से जिस विषय में अधिक अंक होंगे उसी के अनुसार परिणाम जनरेट होगा किन्तु सामाजिक अध्ययन में उत्तीर्ण होना आवश्यक होगा |
11. कक्षा 9 व 11 में ने व्यावसायिक विषय की प्रविष्टी Portfolio – 20, Theory – 30 व Practical – 50 अंकों के अनुसार वार्षिक परीक्षा में की जावेगी तथा सभी मापदंडों में अलग-अलग उत्तीर्ण होना आवश्यक होगा | अंक गणना 200 अंकों के अनुरूप ही होगी | यदि किसी भी गतिविधि में "R" आता है तो पुनः परीक्षा देनी होगी |
12. पोर्टल पर परिणाम लॉक करने हेतु "Verify Result" को क्लिक करें तथा अंक तालिका जनरेट करें किन्तु यदि किसी कारणवश अंकों में परिवर्तन करना है तो "Unverify Result" के माध्यम से संस्था प्रधान अनलॉक कर पुन "Generate Result" द्वारा सिमित समय तक नवीन अंक तालिका का निर्माण कर सकते है |
13. विभागीय नियमानुसार विद्यालय स्तर पर निर्मित अंक तालिकाओं की जांच करके ही विद्यार्थियों को परिणाम दिवस को वितरित करें जिसके लिए "Draft" अंक तालिका की सुविधा पूर्व ही उपलब्ध करवा दी जावेगी |
14. यदि किसी विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा व्यावसायिक शिक्षा विषय को वैकल्पिक विषय के रूप में चयन किया गया है प्रपत्र 7 में वैकल्पिक विषय 3 को रिक्त रखना है तथा वैकल्पिक विषय 4 व्यावसायिक शिक्षा के रूप में मैप करना है |
15. अतिरिक्त विषय (Additional) के अंकों की प्रविष्टी समेकित रूप से वार्षिक परीक्षा में दिए गए विकल्प में ही करनी है किन्तु परिणाम गणना में अतिरिक्त विषय सम्मिलित नहीं होगा तथा मुख्य परिणाम को प्रभावित नहीं करेगा |

## Pre-Primary कक्षाएं (Nursery/LKG/UKG अथवा PP3+, PP4+ PP5+) - प्रथम बार प्री-प्राइमरी कक्षाओं का परिणाम ऑनलाइन हॉलिस्टिक रिपोर्ट कार्ड के माध्यम से जारी किया जाना है :

शाला दर्पण के "परिणाम" टैब में Summative Assessment के SA-1, SA-2 व SA-3 की प्रविष्टी की जानी है| Academic विषय हिंदी, अंग्रेजी, गणित व पर्यावरण विषय की संक्रियाएँ कक्षा स्तर के साथ SA1, SA2 व SA3 टैब में ग्रेड भरे जाने है तथा Non-Academic में SA-1 व SA-3 के ग्रेड भरने है |



**Pre-Primary कक्षाओं के लिए SA-1 से SA-3 तक समस्त प्रविष्टीयों को भरा जाना अनिवार्य है ,SA-3 की प्रविष्टी होने पर ही "View " व "Lock" का विकल्प प्रदर्शित होगा**

**बौद्धिक मानसिक विकास**

1.) इन्द्रियों का विकास
( दो से अधिक स्वाद, गंध, बनावट आदि के बीच अंतर बताने में सक्षम है। वस्तुओं को विशेषताओं के आधार पर वर्गीकरण कर सकता / सकती है। (फल और सब्जी) )
○ A ○ B ◉ C

2.) वर्गीकरण
( अलग-अलग चित्रों में अंतर कर सकता/सकती है। )
○ A ○ B ◉ C

3.) समस्या समाधान
( 3-5 टुकड़ों की पजल को व्यवस्थित रूप से लगा सकता/सकती है। )
○ A ○ B ◉ C

4.) स्थानिक जागरूकता
( पास की वस्तु के स्थान की गहरी पहचान कर सकता/सकती है। (अन्दर, ऊपर, बाहर, बगल में) )
○ A ○ B ◉ C

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| लम्बाई(सें.मी.):- सत्रान्त | 100 | वजन(कि.ग्रा.):- सत्रान्त | 1000 | दृष्टि | ○सामान्य ◉देखने में परेशानी |
| श्रवण | ◉सही सुनना ○सुनने में परेशानी | नियमितता एवं ठहराव पर टिप्पणी | छात्र/छात्रा की विद्यालय में उपस्तिथि सामान्य से कम रही है। | | |
| सेलेक्ट ब्लड ग्रुप | A+ | सेलेक्ट प्रिय रंग | लेवेंडर | प्रिय खेल | - |
| प्रिय गीत | - | प्रिय फल | - | प्रिय मिठाई | - |
| प्रिय त्योहार | - | प्रिय पशु | - | प्रिय पक्षी | - |

समेकित टिप्पणी एवं फीडबेक


- ☑अंग्रेज़ी विषय की बुनियादी दक्षताओ में समझ बनाने की आवश्यकता है।
- ☐हिन्दी विषय की बुनियादी दक्षताओ में समझ बनाने की आवश्यकता है।
- ☐गणित विषय की बुनियादी दक्षताओ में समझ बनाने की आवश्यकता है।
- ☐छात्र/छात्रा ने अपने नामांकित कक्षा स्तर को प्राप्त कर लिया व सीखने की गति व समझ बेहतर हुई है।
- ☐छात्र/छात्रा की अंग्रेज़ी विषय में समझ बेहतर है।
- ☐छात्र/छात्रा की गणित विषय में समझ बेहतर है।
- ☐छात्र/छात्रा की हिन्दी विषय में समझ बेहतर है।
- ☐छात्र/छात्रा की पर्यावरण अध्ययन के प्रति समझ बेहतर है।
- ☐छात्र/छात्रा के अभिभावकों का उसके शिक्षण प्रक्रिया मे अधिक सहयोग अपेक्षित है।
- ☐छात्र/छात्रा सह-शैक्षिक गतिविधियो मे ज़्यादा रुचि लेता है परन्तु कोर विषयो में संलग्नता कम है।
- ☐छात्र/छात्रा की कोर विषयो में संलग्नता अधिक है परन्तु सह-शैक्षिक गतिविधियों में रुचि कम लेता है।
- ☐छात्र/छात्रा की कोर विषयो में संलग्नता के साथ-साथ सह-शैक्षिक गतिविधियों में रुचि व स्थिति सराहनीय है।

Save

Session: 2025-26 | Class: Nursery | Section: A | Show Student Details

| Sr.No. | SRNO | विद्यार्थी / माता का नाम | SA1 | SA2 | SA3 | Action |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2356 | Harshit Fagoria / Meenu | ☑ | ☑ | ☑ | View Lock |
| 2 | 7789 | Himanshi / Geeta Rani | ☑ | ☑ | ☑ | Locked Print |
| 3 | 8678 | Sahibjot Singh / Gagandeep Kour | ✖ | ✖ | ✖ | |

**लॉक करने के उपरांत ही समग्र प्रगति निम्नानुसार प्रदर्शित होगा जिसे रंगीन या सादा कागज पर प्रिंट लिया जा सकता है**




## कक्षा 1 व 2 का परिणाम ऑनलाइन हॉलिस्टिक रिपोर्ट कार्ड के माध्यम से जारी किया जावेगा


1. शाला दर्पण के "परिणाम" टैब में Summative Assessment के SA1, SA2 व SA3 की प्रविष्टी की जानी है | Academic विषय हिंदी, अंग्रेजी, गणित व पर्यावरण विषय की संक्रियाएँ कक्षा स्तर के साथ SA1, SA2 व SA3 टैब में ग्रेड भरे जाने है तथा Non-Academic में SA1 व SA3 के ग्रेड भरने है |


2. ग्रेड भरने के आधार पर ऑनलाइन हॉलिस्टिक रिपोर्ट कार्ड जनरेट किया जायेगा जिसका प्रिंटआउट रंगीन अथवा ब्लैक एंड वाइट प्रिंटर द्वारा A4 साइज़ के ग्लॉसी अथवा साधारण पेपर पर सुविधानुसार लिया जा सकेगा |





**"SUMMATIVE ASSESSMENT (SA) ENTRY" के माध्यम से कक्षा व वर्ग का चयन कर प्रत्येक विद्यार्थी के समक्ष ✖ पर क्लिक कर बेसलाइन को कक्षा स्तरानुसार रक्षित (Save) करें**








**समस्त स्तर पर समेकित योगात्मक व सह शैक्षिक गतिविधियों का चयन कर कक्षा स्तर तथा आकलन ग्रेड का निर्धारण करें**






सह शैक्षिक गतिविधियां आकलन SA-3 की प्रविष्टी पश्चात "View" व "Lock" का विकल्प प्रदर्शित होगा





Counter Fold of Front Page


Page-4 Page-1




Page-2 Page-3




Counter Fold of Back Side of Page




कलर प्रिंट के लिए “Background Graphics” से चेकमार्क लगाना है




ब्लैक एंड वाइट प्रिंट के लिए “Background Graphics” से चेकमार्क हटाना है

3. उपस्थिति विवरण शाला दर्पण पर भरे गए कार्यदिवसों व माहवार उपस्थित रहने के आधार पर स्वत: प्रदर्शित होगा |

4. Baseline प्रविष्टी कक्षा अनुरूप भरना अनिवार्य है |

5. विषयवार औसत ग्रेड व समेकित प्रगति प्रदर्शन संक्रियाओं में प्राप्त ग्रेड के आधार पर निम्नानुसार किया जायेगा

ग्रेड A अंकभार - 10    ग्रेड B अंकभार - 5    ग्रेड C अंकभार - 1

हिंदी विषय - कुल संक्रियाएँ - 7    प्राप्त A ग्रेड प्राप्त संक्रियाएँ - 3    B ग्रेड प्राप्त संक्रियाएँ - 2    C ग्रेड प्राप्त संक्रियाएँ - 2

हिंदी विषय औसत ग्रेड = (3X10 + 2X5 + 2X1) / 7X10 = (30+10+2)/70 = 42/70 =0.6 अर्थात 60 प्रतिशत


औसत विषय ग्रेड की गणना इस प्रकार से होगी

इस प्रकार शैक्षिक गतिविधियों के प्रत्येक विषय के SA -1, SA -2 व SA -3 का औसत प्रतिशत निम्नानुसार ग्रेड व सितारों के रूप प्रदर्शित होगा

0 - 40% - C ग्रेड अथवा बच्चा अभिक्रियाओं को नहीं कर पाता है


41 - 70% - B ग्रेड अथवा बच्चा अभिक्रियाओं को शिक्षक की मदद से कर पाता है

71 - 100% - A ग्रेड अथवा बच्चा अभिक्रियाओं को स्वयं से कर पाता है



इस प्रकार बच्चे का हिंदी विषय का कुल औसत ग्रेड 41 - 70% (SA -1, SA -2 व SA -3 ) की श्रेणी में अर्थात B ग्रेड होगा तथा समेकित अंतिम श्रेणी का निर्धारण हिंदी, अंग्रेजी, गणित, पर्यावरण के औसत का “सितारों” के रूप में प्रदर्शित होगा |

6. सह-शैक्षिक गतिविधियों की गणना 22 संक्रियाओं के आधार पर SA1 व SA3 से प्राप्त अंक प्रतिशत के आधार पर "सितारा/रों" के रूप में प्रदर्शित होगी |




परिणाम “Lock” करने के पश्चात ही “Print” का विकल्प प्रदर्शित होगा |

**(प्री-प्राइमरी व कक्षा 1,2 के ग्रेड तथा सितारों की गणना उपरोक्तानुसार एक समान ही की जावेगी )**

**नोट : -**

## कक्षा 3 व 4 का परीक्षा परिणाम "शिक्षक एप्प" टैब में प्राप्त विकल्प से download किया जायेगा




1. शाला दर्पण के "परिणाम" टैब में Summative Assessment के SA1, SA2 व SA3 की प्रविष्टी की जानी है |
2. SA1, SA2 में हिंदी, अंग्रेजी, गणित व पर्यावरण के ग्रेड भरे जाने है तथा SA3 में इन विषयों के साथ-साथ स्वास्थ्य एवं शा.शि., कला शिक्षा तथा कार्यानुभव विषयों के भी ग्रेड भरे जाने है |
3. दक्षता आधारित आकलन के प्रगति पत्र के साथ ही Summative Assessment के SA1, SA2 व SA3 के ग्रेड भी प्रदर्शित होंगे |
4. परीक्षा परिणाम "शिक्षक एप्प" टैब में कक्षा का चयन कर download किया जा सकता है जिसमे दक्षता आधारित आकलन के सितारे व स्थानीय आकलन के ग्रेड प्रदर्शित होंगे ||

## कक्षा 6 व 7 का परीक्षा परिणाम "शिक्षक एप्प" टैब में प्राप्त विकल्प से download किया जायेगा

**कक्षा में परीक्षा परिणाम में अंकों की प्रविष्टी करते समय यदि विद्यार्थी का नाम प्रदर्शित नहीं होने की स्थिति में “RESULT RESET DATA (2025-26) पर क्लिक कर कक्षा का चयन कर “Sync Student Result Data” के मध्यम से Reset कर लेवें | कक्षा 11 में विषय की मैपिंग नहीं होने की स्थिति में भी विद्यार्थी प्रदर्शित नहीं होंगे**



Current Student व Student in Result , दो सूचियों में विद्यार्थी संख्या में अंतर होने पर “Sync Student Result Data” करें

## Reset Student Result Data

**Select the appropriate option**

Select Exam Accessment: Half-yearly

Class: 9 | Section: A

Session: 2025-26

Show

### Current Students

| Sr.No. | School NIC Code | Student SR NO | Student Name | Optional subject name | Vocational Subject Name |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 222564 | 757 | AMEENA GURJAR | Sanskrit | --- |
| 2 | 222564 | 760 | ANIL NATH | Sanskrit | --- |
| 3 | 222564 | 488 | ANITA KANWAR RATHORE | Sanskrit | --- |
| 4 | 222564 | 766 | ANJALI SUTHAR | Sanskrit | --- |
| 5 | 222564 | 498 | ANKITA DAROGA | Sanskrit | --- |
| 26 | 222654 | 1203. | VISHAL GURJAR | Sanskrit | --- |
| 27 | 222654 | 1197 | VISHNU GURJAR | Sanskrit | --- |

### Student In Result

| Sr.No. | School NIC Code | Student SR NO | Student Name | Optional subject name | Vocational Subject Name |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 222654 | 1198 | ANJALI DAROGA | Sanskrit | |
| 2 | 222654 | 1238 | ANJALI GURJAR | Sanskrit | |
| 3 | 222654 | 1232 | AYUSH MEENA | Sanskrit | |
| 25 | 222654 | 1228 | VISHAL DAROGA | Sanskrit | |
| 26 | 222654 | 1203. | VISHAL GURJAR | Sanskrit | |
| 27 | 222654 | 1197 | VISHNU GURJAR | Sanskrit | |

Sync Student Result Data

1. शाला दर्पण के "परिणाम" टैब में "परिणाम प्रविष्टी 2025-26" में प्रथम परख, द्वितीय परख, अर्धवार्षिक, तृतीय परख व वार्षिक परीक्षा में निर्दिष्ट अधिकतम अंकों में से प्राप्त अंकों को भरना है |
2. परिणाम प्रविष्टियों में विद्यार्थी का नाम प्रदर्शित नहीं होने की स्थिति में “Reset Result Data“ करने पर भी यदि नाम प्रदर्शित नहीं होता है तो विद्यार्थी के विषय मैपिंग की जांच प्रपत्र - 7A में देखें |
3. कुल 6 (छः) Academic/शैक्षिक विषयों का, 200 प्रति विषय के अंकभार के अनुसार, कुल 1200 अंकों के आधार पर परीक्षा परिणाम की गणना की जावेगी |
4. हिन्दी, अंग्रेजी व गणित में 20-20 अंकों के दो दक्षता आधारित आकलन -1 व 2 (CBA), कुल 40 अंकों का होगा तथा शेष रहे 160 अंकों में 10-10 अंकों की तीन परख, 50 (35 लिखित +15 मौखिक) अंकों की अर्धवार्षिक व 80 (50 लिखित +30 मौखिक) अंकों की वार्षिक परीक्षा आयोजित की जाएगी |
5. विज्ञान, सामाजिक अध्ययन व तृतीय भाषा में 10-10 अंकों की तीन परख, अर्धवार्षिक 70 (50 लिखित +20 मौखिक) व वार्षिक 100 (70 लिखित +30 मौखिक) अंकों की परीक्षा आयोजित होगी |
6. शाला दर्पण के परीक्षा परिणाम टैब में "Generate Result" टैब से परिणाम अद्यतन किया जायेगा तथा किसी भी विषय अथवा परीक्षा के अंकों में परिवर्तन होने की स्थिति में पुनः "Generate Result" टैब पर क्लिक कर अपडेट करना होगा अन्यथा पूर्व के ही अंक "Progress Report Card" में दिखेंगे | अंकों की प्रविष्टी को Lock करने हेतु "Verify" बटन को क्लिक करें तभी परीक्षा परिणाम जारी किया जा सकेगा |
7. परिणाम Verify करने के पश्चात यदि आप द्वारा किसी भी परीक्षा के किसी विषय के अंकों में कोई फेर-बदल करना है तो "Unverify" का विकल्प दिया जायेगा जिससे आप अंक बदलाव के पश्चात पुनः Verify कर परिणाम ज़ारी कर सकें|
8. परीक्षा परिणाम "शिक्षक एप्प" टैब में कक्षा का चयन कर download किया जा सकता है जिसके लिए कक्षा 6, 7 का स्थानीय परिणाम Verify किया हुआ होना आवश्यक है |
9. जिन विद्यालयों में दक्षता आधारित आकलन संचालित नहीं होता वहां सभी विषयों में तीन परख 10-10 अंक, अर्धवार्षिक 70 (50 लिखित +20 मौखिक) व वार्षिक 100 (70 लिखित +30 मौखिक) का आयोजन किया जायेगा तथा परीक्षा परिणाम भी "Verify Result" के बाद "परिणाम" टैब से ही download किया जा सकेगा |

10. CBA के अंक SA1 तथा SA2, प्रत्येक 20 अंकों में से, “Shikshak App” में प्रदर्शित होंगे जिसे ग्रीन शीट में देखा जा सकता है |

**GreenSheet**

Department of Education,Rajasthan

GOVT. SENIOR SECONDARY SCHOOL [redacted]4)

GREENSHEET(2025-26)

| | | | |
|---|---|---|---|
| Student Name | [redacted] | S.R. No. | [redacted] |
| Father Name | [redacted] | Mother Name | [redacted] |
| DOB | 20/11/2011 | Roll No. [redacted] | Class 6, Section A |

| Subject | First Test | Second Test | Third Test | Half Yearly | | CBA | | Annual | | Grand Total |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | Mcq/Wr | Mcq/Wr | Mcq/Wr | Oral | Mcq/Wr | SA1 | SA2 | Oral | Mcq/Wr | |
| Hindi | 10 | 10 | 10 | 15 | 35 | 0 | 0 | 30 | 50 | 160 |
| English | 10 | 10 | 10 | 15 | 35 | 0 | 0 | 20 | 50 | 150 |
| Maths | 10 | 10 | 10 | 15 | 35 | 0 | 0 | 30 | 50 | 160 |
| SST | 10 | 10 | 10 | 15 | 50 | NA | NA | 30 | 70 | 195 |
| Science | 10 | 10 | 10 | 20 | 30 | NA | NA | 30 | 70 | 180 |
| --- | NA | NA | NA | NA | NA | NA | NA | NA | NA | 0 |
| Work Exp. | 80 | Art Edu | 100 | Health & Phy. Edu. | 90 | - | - | Grand Total | | 845 |

| Over All Status | Total Marks | Obtain Marks | Percentage(%) | Grade | Result | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1000 | 845 | 84.50 | B | Promoted | Pass in All Subject |

## कक्षा 9 व 11 का परीक्षा परिणाम "परिणाम" टैब में प्रविष्टी कर download किया जायेगा

1. शाला दर्पण के परिणाम मॉडयूल में "परिणाम प्रविष्टी 2025-26" में प्रथम परख, द्वितीय परख, अर्धवार्षिक, तृतीय परख व वार्षिक परीक्षा में निर्दिष्ट अधिकतम अंकों में से प्राप्त अंकों की प्रविष्टी है |
2. अनुपस्थित विद्यार्थी के लिए "-1" व चिकित्सा अवकाश पर होने की स्थिति में "-2" का इन्द्राज करना है | यदि आप द्वारा अनुपस्थित विद्यार्थी के लिए किसी विषय में "0" (शून्य) का अंकन किया जाता है तो इसका अर्थ है विद्यार्थी परीक्षा में में उपस्थित हुआ है और उसको 0 अंक प्राप्त हुए है |
3. कक्षा 11 में जिन विद्यार्थियों ने परीक्षा परिणाम देरी से आने के कारण या RSOS, NIOS के परिणाम घोषणा में देरी होने के कारण अर्धवार्षिक से पूर्व विद्यालय में प्रवेश लिया है तथा प्रथम व द्वितीय परख में भाग नहीं लिया है उनको उक्त दोनों परीक्षा की छूट होगी तथा शेष रही अर्धवार्षिक, तृतीय परख व वार्षिक परीक्षा के आधार पर ही परिणाम घोषित किया जायेगा |
4. परीक्षा के अंक प्रविष्ट करते समय कोई भी कॉलम रिक्त नहीं रखना है किन्तु जिन विद्यार्थियों का परिणाम देरी से घोषित हुआ है उनके लिए प्रथम व द्वितीय परख में भाग नहीं लेने के कारण प्रथम व द्वितीय परख के कॉलम रिक्त छोडा जा सकता है
5. विद्यार्थी को अगली कक्षा में क्रमोन्नत करने हेतु सभी परीक्षाओं में सम्मित्लित होकर न्यूनतम 36% अंक प्रत्येक विषय में अर्जित करने होंगे | उत्तीर्ण होने के लिए विद्यार्थी को 2 परखों व वार्षिक परीक्षा अथवा 1 परख , अर्धवार्षिक व वार्षिक परीक्षा में सम्मिलित होना आवश्यक होगा |
6. विभागीय नियमानुसार अधिकतम 2 विषयों में कृपांक (Grace) दिए जाने के प्रावधान है , 1 विषय में 5% तथा 2 विषय होने पर 2%-2% का कृपांक देय होंगे किन्तु किसी विषय में चिकित्सा अवकाश लिए जाने की स्थिति, पूरक अथवा पुनः परीक्षा में सम्मिलित होने की स्थिति में कृपांक देय नहीं होगा |
7. किसी विषय की लिखित व प्रायोगिक परीक्षा में अलग-अलग उत्तीर्ण होना होगा | प्रायोगिक परीक्षा में भी कृपांक देय नहीं होंगे |

8. अधिकतम 2 विषयों में पूरक घोषित किया जा सकता है जिसके लिए न्यूनतम 25% अंक लाना अनिवार्य होगा |

9. कक्षा 9 के विद्यार्थी ने यदि व्यावसायिक शिक्षा विषय का भी चयन किया है तो सामाजिक अध्ययन व व्यावसायिक शिक्षा विषय में से जिसमे भी अधिक अंक प्राप्त हुए है, परिणाम गणना में उसी विषय के अंक सम्मिलित किया जायेंगे किन्तु इस हेतु मुख्य विषय सामाजिक अध्ययन में भी उत्तीर्ण होना अनिवार्य होगा | उदहारण - सामजिक में 200 में से 24 अंक ही आये है जबकि व्यावसायिक शिक्षा विषय में 200 में से 180 प्राप्त होने पर भी विद्यार्थी अनुतीर्ण होगा |

10. प्रायोगिक परीक्षा में पुनः परीक्षा का प्रावधान नहीं होगा |

11. **व्यावसायिक शिक्षा के अंक वार्षिक परीक्षा के साथ ही प्रविष्ट किये जाने है** (20 Portfolio+30 Theory+50 Practical) |

12. **शाला दर्पण के परीक्षा परिणाम टैब में "Generate Result" टैब से परिणाम अद्यतन किया जायेगा तथा किसी भी विषय अथवा परीक्षा के अंकों में परिवर्तन होने की स्थिति में पुनः "Generate Result" टैब पर क्लिक कर अपडेट करना होगा अन्यथा पूर्व के ही अंक "Marksheet" में दिखेंगे | अंकों की प्रविष्टी को Lock करने हेतु "Verify" बटन को क्लिक करें तभी परीक्षा परिणाम जारी किया जा सकेगा |**

13. **आपके द्वारा अंकों में किया गए बदलाव तो "Greensheet" में प्रदर्शित हो जायेंगे किन्तु "Generate Result" पर क्लिक करने पर ही अंकतालिका में प्रदर्शित होंगे |**

14. **पूरक/पुनः परीक्षा से पहले ही Unverify कर, अंकों में परिवर्तन कर, "Generate Result" से अद्यतन कर पुनः Verify करना होगा अन्यथा "Draft" अंकतालिका ही प्रदर्शित होगी |**

15. **पूरक/पुनः परीक्षा का मॉडयूल उक्त परीक्षा तिथि से ही प्रभावी होगा |**

16. **अंकतालिका में विद्यार्थी की Rank / मेरिट प्रथम बार किये गए परिणाम घोषणा पर ही प्रदर्शित होगी किन्तु किसी भी विद्यार्थी के अंक परिवर्तन किये जाने से प्रभावित Rank दुबारा प्रदर्शित नहीं की जा सकेगी |**

17. **शाला दर्पण पोर्टल के विद्यार्थी टैब में प्रपत्र 5 व 9 के अनुसार प्रपत्र 7 व 7A में प्रत्येक विद्यार्थी के चयनित विषयों की मैपिंग की जानी है तथा एक बार मैपिंग करने के पश्चात यदि सैद्धांतिक व प्रायोगिक परीक्षा के अंकों की प्रविष्टि कर ली गई है तो विषयों का क्रम न बदलें तथा यदि मैपिंग में विषय क्रम बदलना पड़े तो इससे पूर्व भरे हुए अंकों को हटा देवें |**

18. **यदि कोई विद्यार्थी स्वाध्याय के रूप में ऐसे विषय का चयन करते है जो स्कूल प्रोफाइल में मैप नहीं है तथा न ही अध्यापक का पद सृजित है तो उनकी उनकी अंकतालिका हेतु शाला दर्पण जयपुर ईमेल id – shaladarpanjpr@gmail.com पर संपर्क करें |**

विगत वर्षों में ये देखने में आया है कि अनेक विद्यालयों द्वारा कक्षा 1, 2 के समग्र प्रगति प्रतिवेदन (Holistic Report Card) व कक्षा 3,4 के SIQE व CBA आधारित प्रगति पत्र तथा कक्षा 6,7 के स्थानीय परीक्षा व CBA आधारित प्रगति पत्र समय पर डाउनलोड नहीं किये जाते है तथा मौखिक तौर पर प्रोन्नत घोषित कर दिया जाता है जिसके कारण अकादमिक सत्र बदल जाने पर Holistic Progress Report Card व अंक तालिका में बदलाव करने की संभावना नहीं रहती | अत: इस बात का विशेष ध्यान रखें की नियत तिथि तक समस्त प्रकार के प्रगति पत्र व अंक तालिका को विद्यालय लॉगइन से डाउनलोड कर सॉफ्ट कॉपी में भी संधारित कर लेवें | सत्र बदल जाने के पश्चात किसी भी प्रकार के संशोधन संभव नहीं है, विशेष तौर पर व्यवसायिक शिक्षा के कक्षा 9 व 11 में गलत अंक भरे जाने तथा परिणाम पर कोई प्रभाव नहीं होने के कारण “R”, जिसका तात्पर्य “पुन:परीक्षा” है , माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आक्षेप लगाये जाते है |

**परीक्षा परिणाम निर्माण से संबंधित समस्या समाधान हेतु राजेश बैरवा, कार्यक्रम अधिकारी, शाला दर्पण प्रकोष्ठ, जयपुर से मोबाइल न. 9351677462 पर कार्यालय समय प्रातः 10.00 से साय: 6.00 तक ही संपर्क करें**

**टीम शाला दर्पण**